कक्षा – दसवीं विषय – हिंदी
बाल भारती विद्यालय, G.R.H. Marg

अभ्यास कार्य – 1

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दुनिया के विभिन्न देशों के विहंगम दृष्टि डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि आज जिस देश ने वैज्ञानिक उपलब्धियों के सहारे अपना उद्योगीकरण कर लिया, उसी को उन्नत देश कहा जाता है। जिस देश में उद्योगीकरण का स्तर नीचा है, वह पिछड़ा हुआ देश कहा जाता है। वैज्ञानिक आविष्कारों और उद्योगीकरण के आधार पर ही किसी देश की प्रगति को आँका जाता है। विज्ञान ने मानव को पूरी तरह बदल दिया है। मानव की प्रत्येक गतिविधियों में विज्ञान का हस्तक्षेप है। खाना, चलना, खुशी, गम सभी कार्य विज्ञान आधारित हो गए हैं। खाने के लिए विभिन्न पैक्ड फूड आज बाज़ार में उपलब्ध हैं। वहीं चलने के लिए अत्याधुनिक परिवहन साधनों की भरमार है।

(क) आज उन्नत देश किसे कहा जाता है?
(i) औद्योगिक स्तर से समृद्ध देश को
(ii) सांस्कृतिक स्तर के समृद्ध देश को
(iii) ताकतवर देश को
(iv) उपरोक्त किसी को नहीं

(ख) किसी देश की प्रगति को मापने का आधार क्या है?
(i) उद्योगीकरण (ii) व्यापारीकरण
(iii) व्यावसायीकरण (iv) उपरोक्त सभी

(ग) विज्ञान ने मानव को कैसे बदल दिया?
(i) विज्ञान अधिक धनोपार्जन करता है?
(ii) विज्ञान ने संस्कृति को सुधारा है

Assignment 9
Pg 2

(iii) वैज्ञानिक आविष्कारों से
(iv) उपरोक्त कोई नहीं

(घ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।